वीयू– वेटरनरी कॉलेज में स्वच्छता अभियान

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के दिशा निर्देशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले महाविद्यालय के समस्त शिक्षको एवं छात्र छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को एक घंटा श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया।

स्वच्छता पखवाड़ा अप्रैल 2016 में भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों को उनके अधिकार क्षेत्र में शामिल करके स्वच्छता के मुद्दों और प्रथाओं पर गहन ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ भारत के प्रति भारतीयों को प्रतिबद्ध करना है।

स्वच्छता पखावड़े के इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. आर के शर्मा, डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ अमिता तिवारी, डॉ नितिन बजाज, डॉ ब्रजेश सिंह, डॉ मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. देवेन्द्र पोधाडे एवं डॉ रणबीर सिंह जाटव उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी